कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, करौली

क्रमांक :–प–1( )संस्था/यूटीबी/2023/3153 दिनांक 11/08/2023

विज्ञप्ति

निदेशक (अराजपत्रित) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राज. जयपुर के पत्रांक अराज/यूटीबी/2023/369 दिनांक 24.7.2023 व 392 दिनांक 4.8.2023 की अनुपालना में आमजन को समुचित सहज एवं सुलभ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के दृष्टिगत प्राप्त मानव संसाधन की स्वीकृति उपरान्त जिले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधीन निम्न कैडर यथा नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संवर्ग के रिक्त पदो के विरूद्ध यूटीबी आधार पर जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से वित्त विभाग की स्वीकृति दिनांक 3.7.2023 में निर्धारित मासिक मानदेय दरों पर वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023–24 अथवा रिक्त पदों पर नियमित कार्मिक उपलब्ध होने तक, जो भी पहले हो, तक के लिये निर्धारित स्वीकृत दर पर राजस्थान अधीनस्थ चिकित्सा सेवा नियम 1965 व यूटीबी परिपत्र दिनांक 04.10.2014 व 9.11.2017 एवं राजस्थान सेवा नियमो के प्रावधानों के अनुसार भर्ती के लिये निम्न पदो के लिये नियमानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है :–

क्र.सं	पदनाम मय योग्यता	पदों की संख्या	आवेदन की अंतिम तिथि
1	नर्सिंग ऑफिसर (जीएनएम/बीएससी नर्सिंग व राजस्थान नर्सिंग काउंसिल में पंजीकरण)	100	23.08.2023
2	प्रसाविका (मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10 वी, राजस्थान नर्सिंग काउंसिल में पंजीकृत, 24 माह प्रसाविका प्रशिक्षण उत्तीर्ण)	50	23.08.2023
3	लैब टैक्नीशियन (मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12 वीं (विज्ञान/गणित),राजस्थान पैरा–मैडीकल काउंसिल में पंजीकृत, डिग्री/डिप्लोमा)	10	25.08.2023
4	फार्मासिस्ट (मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं/राजस्थान फार्मेसी काउंसिल में पंजीकरण व बी/डी फार्मा	18	25.08.2023
5	सहायक रेडियोग्राफर (मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12 वीं (विज्ञान/गणित),राजस्थान पैरा–मैडीकल काउंसिल में पंजीकृत, डिग्री/डिप्लोमा)	03	25.08.2023

उक्त पदो की वरियता सूची निम्न प्रकार तैयार की जावेगी :–

1.आवेदको का चयन नियमो में यथा विनिर्दिष्ट न्यूनतम योग्यता हेतु निर्धारित शैक्षणिक परीक्षा एवं व्यावसायिक परीक्षा की प्रतिशत प्राप्तांकों के औसत का 70 प्रतिशत और सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव आधारित बोनस (अधिकतम 30प्रतिशत), यदि देय हो, जोडकर वरियता के आधार पर किया जावेगा।

वरीयता सूची में दस्तावेजो के प्रमाणीकरण के आधार पर चयन किया जावेगा। उक्त पदों की वरियता सूची में करौली जिले निवासियों को प्राथमिकता दी जावेगी व करौली जिले के पर्याप्त अभ्यर्थी उपलब्ध नही होने पर अन्य जिले के निवासियों का वरियतानुसार चयन की कार्यवाही की जावेगी । कार्मिक विभाग के निर्देशानुसार आरक्षण का लाभ देय होगा । यूटीबी आधार पर उक्त पदो को भरने जाने के संबंध में राजस्थान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिनस्थ सेवा नियम 1965 तथा समय –समय पर संशोधित नियमों में यथाविहित समस्त अन्य योग्यता पूर्ण करना अनिवार्य है, उक्त भर्तियो मे नियमानुसार अनुभव आधारित बोनस अंक दिये जावेगे। विज्ञप्ति की अंतिम तिथि तक संबंधित कौंसिल में पंजीकृत होना अनिवार्य होगा, आवेदन की अंतिम के पश्चात् पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने वाले अभ्यर्थियों की पात्रता पर विचार नही किया जावेगा। वह आवेदित पद के लिए इन नियमो के तहत नियुक्ति हेतु अयोग्य नही होना चाहिए। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र करौली जिले की वेबसाईट karauli.rajasthan.gov.in से डाउनलोड करने के उपरान्त आवेदन पत्र को पूर्णरूपेण भरकर आवश्यक शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता, मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व पूर्व में विभाग के सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र सहित निर्धारित तिथि तक इस कार्यालय में निर्धारित तिथि की सांय 6.00 बजे तक प्रस्तुत करेगे। निर्धारित्त तिथि पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा। दस्तावेजात सत्यापन की तिथि व स्थान व वरियता सूची भी उक्त वेबसाईट पर अपलोड की जावेगी।

(डा.दिनेशचंद मीना)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
करौली

Scanned with CamScanner

राजस्थान सरकार

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, करौली

यू.टी.बी. पर नर्सिंग ऑफिसर/लैब टैक्नीशियन/फार्मासिस्ट/प्रसाविका की भर्ती हेतु

आवेदन पत्र

पद नाम जिस हेतु आवेदन किया है :

1. आवेदक का नाम

2. पिता का नाम :

3. पति का नाम :

4. विवाहित/अविवाहित :

5. जन्मतिथि (10वीं की अंकतालिका अनुसार) :

6. लिंग (महिला/पुरूष/अन्य) :

7. वर्ग (GEN./EWS/OBC/MBC/SC/ST) :

8. श्रेणी (विधवा/परित्यक्ता/दिव्यांग/अन्य) :

9. मोबाईल नम्बर

10. गृह जिला

10. स्थायी पता

11. ई-मेल आई.डी.

12. योग्यता

शैयोग्यता/तकनीकी योग्यता	बोर्ड/महाविद्यालय/काउंसिल	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत
10वीं (सैकण्डरी)				
12वीं (सीनियर सैकण्डरी)				
नर्सिंग ऑफिसर (बीएससी नर्सिंग/जीएनएम)				
बी/डी फार्मा (————)				
लैब टैक्नीशियन				
सहायक रेडियोग्राफर				
प्रसाविका				

11. आवेदित पद के संबंध में अनुभव अवधि(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र) : वर्ष ——महीने ——दिन

12	रजिस्ट्रेशन नम्बर (RNC/RPMC/RPC)/वैधता अवधि

आवेदक के हस्ताक्षर

घोषणा

मेरे द्वारा आवेदन पत्र में भरी गयी समस्त सूचनाऐं मेरे निजी ज्ञान एवं दस्तावेजों अनुसार सत्य है। किसी भी तरह की त्रुटि के लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा। आवेदन पत्र में भरी गयी सूचनाओं/प्रविष्टि में संशोधन के लिए अर्थात् किसी भी त्रुटि को दुरूस्त करने के लिए मुझे पृथक से कोई अनुमति नहीं दी जावेगी। मेरे द्वारा आवेदन पत्र में भरी गयी उक्त सूचनाओं को ही अंतिम माना जावे। ईश्वर मेरा साक्षी है। उक्त स्वघोषणा पत्र मेरे द्वारा समस्त तथ्यों को समझकर एवं सम्पूर्ण होश-हवास में हस्ताक्षर किया गया।

दिनांक

आवेदक के हस्ताक्षर / नाम

Scanned with CamScanner